भारतीय मानक ब्यूरो

तत्काल जारी करने हेतु

प्रेस नोट सं: पीआरडी/प्रेस नोट/18/2018-19 12 दिसंबर 2018

बीआईएसका आईईसी के साथस्मार्ट शहर मानकीकरण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस),भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय, और अंतर्राष्ट्रीय विद्युत-तकनीकी आयोग ने संयुक्त रूप से वाराणसी में स्मार्ट शहर मानकीकरण विषय पर बीआईएस-आईईसी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया ।

इस कार्यक्रम में 20 देशों के स्मार्ट शहरों के सीईओ,सरकार,प्रौद्यिगिकीविद्,शिक्षाविद्,उद्योग और मानकीकरण विशेषज्ञों सहित बड़ी संख्या में स्टेकहोल्डरों के बड़ेतबके ने भाग लिया।

इस सम्मेलन का उद्घाटन श्री दुर्गा शंकर मिश्र,सचिव, एमओएचयूए ने किया। श्री मिश्रा ने अपने उद्घाटन अभिभाषण में कहा कि भारत में मानकीकरण के प्रयासों में आवास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता है,इसके बाद गतिशीलता, स्मार्ट बुनियादी ढांचाएवं आईसीटी और शासन आते हैं। उन्होंने बीआईएस के स्मार्ट शहरके मानकीकरण के प्रयासों में स्मार्ट शहरों के एमओएचयूए अधिकारियों और सीईओ की भागीदारी का आश्वासन दिया।

श्रीमती सुरीना राजन, महानिदेशक, बीआईएस ने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए स्मार्ट शहर के मानकीकरण के क्षेत्र में बीआईएस द्वारा की गई पहलों पर प्रकाश डाला। इस सम्मेलन के तकनीकी सत्रों में दुनिया भर के प्रसिद्ध वक्ताओं नेविभिन्न महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इन चर्चाओं में स्मार्ट शहरों के विकास तथा मानकों के बीच मजबूत पारस्परिक संबंध पर प्रकाश डाला गया। अंतर्राष्ट्रीय विद्युत-तकनीकी आयोग (आईईसी), अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) और बीआईएस जैसे विभिन्न मानकविकसित करने वाले संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने संबंधित संगठन में स्मार्ट शहरों के क्षेत्र में मानकीकरण की विभिन्न पहलों पर विचार-विमर्श किया।

इसके अतिरिक्त, बीआईएस की स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर तकनीकी समिति के विशेषज्ञों ने बीआईएस द्वारा किए जा रहे मानकीकरण के कार्य पर प्रस्तुतीकरणदिया,जिसमें "स्मार्ट शहरों के लिए एकीकृत और सुरक्षित आईसीटी आर्किटेक्चर," "एकीकृत तथा सुरक्षित अंतिम मील कम्यूनिकेशन प्रोटोकॉल आर्किटेक्चर" और "एकीकृत फ्रेमवर्क" "डेटा सेमेन्टिक्स और डेटा मॉडल" शामिल थे।

विभिन्न स्मार्ट शहरों के कई सीईओ ने स्मार्ट शहर का विकस करने में सामने आने वाले मुश्किल बिंदुओं और चुनौतियों के बारे में बताया और स्मार्ट शहरों का विकास करने में मानकों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

इससम्मेलन का समापन स्मार्ट शहर परियोजनाओं के दक्षएवं सफल कार्यान्वयन हेतु मानकों के व्यापक सेट एवं विभिन्न मानक विकास संगठनों,नियामकों, परियोजना प्रबंधन इकाइयों और सलाहकारों और उद्योगों के बीच मजबूत सहयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए हुआ।

अलका

उपनिदेशक, जनसंपर्क विभाग

9818029017